दैनिक जागरण 12/09/2024

सुबह उठकर शांति के लिए करें श्लोकों का उच्चारण

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। श्लोकोच्चारण का विषय विद्या एवं श्रीमद्भागवत गीता रहा। संस्कृत विभाग से प्रो. प्रियंका के निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि सुबह उठकर शांति एवं विद्या से संबंधित श्लोकों के उच्चारण से पूरा दिन शक्ति एवम स्फूर्ति से भरा रहता है और सकारात्मकता के साथ चलते हुए हम मुश्किल से मुश्किल स्थिति का भी हल ढूंढने में सफ़ल रहते हैं। प्रो. बृजेश ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस संस्कृत भाषा के उत्थान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीसीए द्वितीय वर्ष की प्रगति, द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की मनोरमा एवं तृतीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की निशु ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता, राजनीतिक विभाग की प्रो. सरोज ने निभाई। उधर, कालेज में जनसंचार विभाग और संगीत विभाग ने उद्योग मीडिया संबंध श्रृंखला के तहत मीडिया में करियर के अवसर विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को मीडिया उद्योग में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा। इसके अलावा कालेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने आज शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एमसीए और एमबीए छात्रों के आने वाले बैच के लिए सफल ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। विभाग में आयोजित कार्यक्रम में नए छात्रों का स्वागत किया गया। उन्हें विभाग, संकाय एवं उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों से परिचित करवाया गया।

श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी कालेज स्टाफ के साथ। • सौजन्य विज्ञप्ति